

## बोहरा समाज ने अदा की ईद की नमाज

**भोपाल, 26 मई.** अलीगंज मस्जिद जुमेराती में मंगलवार को सुबह 5 बजे बोहरा समाज ने ईद की नमाज अदा दी. इस अवसर पर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी गई.

**फोटो : अशरफ अली**

# आंगनबाड़ियों में लगे स्कूल रेडीनेस मेले

## बच्चों को सिखा रहे हैं गिनती और चित्र बनाना



निज संवाददाता

**भोपाल, 26 मई. महिला एवं बाल विकास विभाग और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से भोपाल जिले में 'स्कूल रेडीनेस मेला' का आयोजन शुरू हो गया है. इस मेले में बड़ी संख्या में बच्चे और उनकी माताएं शामिल हो रही हैं. जिले की 1,873 आंगनवाड़ियों में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य छोटे बच्चों को स्कूल के लिए मानसिक और शैक्षणिक रूप से तैयार करना है.**

जानकारी के अनुसार, जिले के 73 सेक्टरों में इस मेले की योजना बनाई गई है. इनमें से 53 सेक्टरों में एक साथ मेला आयोजित किया गया, जबकि शेष सेक्टरों में यह आयोजन अलग-अलग तिथियों में किया जाएगा. मेले में बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है, जिससे आयोजन का माहौल जीवंत और आकर्षक बन गया है. मेले के दौरान बच्चों के लिए कई रोचक और शैक्षणिक गतिविधियां रखी गई हैं. इनमें कहानी सुनना, गिनती सीखना, चित्र बनाना, खेल-कूद और समूह में भागीदारी जैसी गतिविधियां शामिल हैं. इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के भाषा कौशल, गणितीय समझ, शारीरिक क्षमता और मानसिक विकास का आकलन किया जा रहा है. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कक्षा-1 में प्रवेश से पहले आवश्यक बुनियादी ज्ञान और आत्मविश्वास प्रदान करना है. साथ ही, माताओं को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है, ताकि वे घर पर बच्चों की पढ़ाई में सहयोग कर सकें और उनके विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें. मेले के अंत में बच्चों को एक रिपोर्ट कार्ड भी दिया जाएगा, जिसमें उनकी सीखने की स्थिति और प्रगति की जानकारी होगी. इससे अभिभावकों को यह समझने में मदद मिलेगी कि उनका बच्चा स्कूल के लिए कितना तैयार है. यह अभियान केवल भोपाल तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में भी चलाया जा रहा है.

### एक नजर में



## सेन समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**भोपाल, 26 मई.** हिंदी भवन में शक्ति समाज सेवा संगठन द्वारा सेन समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवक और युवतियों ने भाग लिया. सम्मेलन का उद्देश्य समाज के युवाओं को एक मंच प्रदान करना और उनके बीच परिचय स्थापित कर वैवाहिक संबंधों को आसान बनाना रहा. कार्यक्रम में आए युवाओं और युवतियों ने मंच पर आकर अपना संक्षिप्त परिचय दिया. इसमें उनकी शिक्षा, कार्य और रुचियों की जानकारी साझा की गई. अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है.



## थैलेसीमिया मरीजों की जांच कर दिया परामर्श

**भोपाल, 26 मई.(नवभारत प्रतिनिधि).** जीएमसी के बाल रोग विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश पाथ फाउंडेशन और मेदांता ग्रुप के साझा सहयोग से एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम मंगलवार को जीवनधारा नाम से आयोजित किया गया. जिसमें व्यापक थैलेसीमिया के मरीजों को एक ही छत के नीचे बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं और परामर्श उपलब्ध कराना गया. आयोजन बाल रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मंजुषा गोयल के नेतृत्व में संपन्न हुआ. शिविर में कुल 13 अलग-अलग स्टॉल लगाये गये, जहां मरीजों और उनके परिवारों के लिए अत्याधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं. वहीं शिविर में एचएलए परीक्षण, आभा आईडी निर्माण, सिकल सेल पोर्टल एंट्री और विशेषज्ञों द्वारा व्यक्तिगत परामर्श जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं भी दी गईं. इसके अलावा गर्भवती माताओं के लिए प्रसव पूर्व परामर्श और एंटीनैटल स्क्रीनिंग की व्यवस्था भी की गई. कार्यक्रम में एनएचएम मध्यप्रदेश की ब्लड सेल उपनिदेशक डॉ.रूबी खान ने थैलेसीमिया नियंत्रण की दिशा में ऐसे शिविरों को जरूरी बताया. इस दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बाल रोग विभाग की इस अनूठी स्वास्थ्य पहल की सराहना की. कार्यक्रम में चिकित्सा क्षेत्र से जीएमसी के प्रभारी डीन डॉ. आर पी कौशल, अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन और सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा भी शामिल रहे.

## विश्वास सारंग अकादमी की जीत

### प्रसून सारंग स्मृति अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 26 मई. भोपाल में खेले जा रहे प्रसून सारंग स्मृति अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में विश्वास सारंग क्रिकेट एकेडमी ने शानदार खेल दिखाते हुए सेज अभय गोस्वामी क्रिकेट एकेडमी को 7 विकेट से हरा दिया.**

पहले बल्लेबाजी करने उतरी सेज अभय गोस्वामी क्रिकेट एकेडमी की शुरुआत अच्छी नहीं रही. टीम 30 ओवर में 9 विकेट पर सिर्फ 117 रन ही बना सकी. राज मीना ने सबसे ज्यादा 19 रन बनाए, विश्वास सारंग अकादमी की ओर से वंश बाथम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट झटके. विनाम्र समुद्र ने भी 3 विकेट लेकर बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा. 118 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी विश्वास सारंग क्रिकेट एकेडमी ने शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज दिखाया. हर्षित मालवीय ने तेजी से 27 रन बनाए, जबकि कबीर अग्रवाल ने 30 बनाए. आखिर में समर मकवाना और विनाम्र समुद्र ने तेजी से रन जोड़कर टीम को आसान जीत दिला दी.

## महापौर ने फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण

**भोपाल, 26 मई.** महापौर मालती राय मंगलवार को फिल्टर प्लांट पर निरीक्षण करने पहुंची. यह निरीक्षण उन्होंने विधानसभा के सामने बने फिल्टर प्लांट का किया. उनके साथ एमआईसी एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति निगम के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग भी मौजूद रहे. इस दौरान उन्होंने वहां का पानी पिया. जिसकी तारीफ करते हुए कहा कि बहुत शुद्ध और स्वच्छ पानी की सप्लाई हो रही है. इस पानी के लिए किसी भी तरह के आरओ की जरुरत नहीं है. उसके बाद उन्होंने पानी को फिल्टर प्लांट में कैसे साफ किया जाता है इसकी जानकारी ली.

## रेलवे गर्वित व अरेरा अकादमी ने मैच जीता

▸ चार साहिबजादे क्रिकेट टूर्नामेंट



खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 26 मई. भोपाल में खेले जा रहे सेकंड चार साहिबजादे क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को दोनों मुकाबले काफी रोमांचक रहे. पहले मुकाबले में रेलवे गर्वित और शिवाय क्रिकेट अकादमी आमने-सामने थीं.**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शिवाय क्रिकेट अकादमी ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 117 रन बनाए. टीम की ओर से अक्षय ने शानदार 57 रन बनाए, रेलवे गर्वित की तरफ से सक्षम ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट अपने नाम किए. 118 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे गर्वित की शुरुआत संभली हुई रही. शिवम पांडे ने 47 रन बनाए, जबकि अहद खान ने 18 रन की अहम पारी खेली. टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया. शिवम पांडे को मैन ऑफ द मैच चुना गया. दूसरे मुकाबले में भोपाल क्रिकेट अकादमी और अरेरा अकादमी के बीच मैच खेला गया. पहले बल्लेबाजी करते हुए भोपाल क्रिकेट अकादमी की टीम बड़ा स्कोर नहीं बना सकी और पूरी टीम 79 रन पर सिमट गई. युवराज ने 17 और तन्मय ने 11 रन बनाए. अरेरा अकादमी ने शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बना ली. युवराज ने 29 और गुरप्रीत ने 21 रन बनाकर टीम को 14 ओवर में ही जीत दिला दी.

# योग अभ्यास से मिलेगी पीठ दर्द से राहत

▸ डॉक्टरों ने बताए योग के फायदे




नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 26 मई. चिकित्सा और समग्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए एम्स के कौटिल्य भवन में मंगलवार को एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया.**

चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार जब आधुनिक चिकित्सा के साथ वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित योग को जोड़ा जाता है, तो मरीज को शारीरिक और मानसिक दोनों स्तरों पर बेहतरीन स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं. कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में डॉक्टरों ने स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से योग के कई चमत्कारी फायदों पर विस्तार से चर्चा की. वहीं डॉ. राकेश सेठी ने बताय कि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में होने वाले पीठ दर्द और रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याओं में भी योग थेरेपी से मरीजों को स्थाई राहत मिल सकती है. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहे. एम्स कार्यपालक निदेशक डॉ. माधवानन्द कर ने भी विचार व्यक्त किए.

**गर्भावस्था में योग से बेहतर होता है शिशु का विकास**

कार्यशाला में डॉ. बबीता रघुवंशी ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान सुरक्षित और सही तरीके से किया गया योग न केवल होने वाली मां के स्वास्थ्य को बेहतर रखता है, बल्कि गर्भ में पलने वाले शिशु के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए भी अनुकूल होता है. आयोजन में करीब 200 चिकित्सा छात्रों डॉक्टरों और शोधकर्ताओं ने हिस्सा लिया.




## केले की वाटिका से सजा शीतला माता का मंदिर

▸ बड़े मंगलवार पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**भोपाल,26 मई. शीतला माता जनकल्याण भक्त मंडल द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ज्येष्ठ मास के चतुर्थ बड़े मंगलवार को शीतला माता मंदिर, शॉपिंग सेंटर टीला जमालपुरा में भव्य धार्मिक आयोजन किया गया. इस अवसर पर मंदिर परिसर में 3100 केले से विशेष वाटिका बनाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया.**

संस्था के अध्यक्ष पं. श्री हरि जोशी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह हनुमान जी महाराज को चोला अर्पण कर विधि-विधान से श्रृंगार करने के साथ हुई. इसके बाद महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. महाआरती के पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से ग्रहण किया. इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र की माताएं, बहनें और धर्मप्रेमी बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और पूरे समय हनुमान जी महाराज के जयकारों से गूंजता रहा. केले की वाटिका में विराजमान हनुमान जी के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया.

## जवाहर चौक में आज सजेगी नृत्य की शाम

**भोपाल, 26 मई.** चैतन्य सोश्यो कल्चरल सोसायटी द्वारा आयोजित बैले वंदेमातरम् वर्कशॉप का समापन कार्यक्रम बुधवार को शाम साढ़े छह बजे से आयोजित किया जा रहा है.

जवाहर चौक स्थित उत्कल भवन में होने वाले इस सांस्कृतिक आयोजन को लेकर कला प्रेमियों में खासा उत्साह है. पहली प्रस्तुति में पद्मरंग नृत्य अकादमी की नृत्यांगनाओं द्वारा वंदेमातरम् गीत पर नृत्य प्रदर्शन किया जाएगा.

## होमी सोलंकी के शतक से बुमराह हाउस चैंपियन



खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 26 मई. भोपाल में खेली जा रही अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस क्रिकेट लीग के अंडर-16 फाइनल में जसप्रीत बुमराह हाउस ने शानदार खेल दिखाते हुए रोहित शर्मा हाउस को 133 रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया. मैच में होमी सोलंकी का शतक जीत की सबसे बड़ी वजह बना.**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बुमराह हाउस की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज दिखाया. होमी सोलंकी ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 112 रन की शानदार पारी खेली और लगातार दूसरे दिन शतक जमाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं. उनके अलावा सुधीर अहिरवार ने 29, राधा प्रजापति ने 25 और आरव सिंह ने 24 रन बनाए. टीम ने 49 ओवर में सभी विकेट खोकर 280 रन बनाए. रोहित हाउस की ओर से सूर्या जाट ने 4 विकेट लिए, जबकि वंश मेश्राम और आरव भार्गव को 2-2 सफलता मिली. 281 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहित शर्मा हाउस की टीम शुरुआत से दबाव में दिखी. आदित्य सोलंकी ने 46 और विराज चतुर्वेदी ने 23 रन बनाकर संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम 31.2 ओवर में 147 रन पर सिमट गई. शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए होमी सोलंकी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

**व्यंग्य गोष्ठी** ▸ प्रसिद्ध व्यंग्यकार शरद जोशी की याद में हुआ कार्यक्रम

# तीखे व्यंग्य ने विसंगतियों पर किया प्रहार




नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 26 मई. ये मैले हैं एमएलए हैं, इनकी जेबें नहीं थैले हैं, तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें बीमारी, जैसी तीखी और चुटीली काव्य पंक्तियों से गुथी व्यंग्य गोष्ठी का आयोजन मंगलवार को किया गया. अखिल भारतीय साहित्य परिषद की भोपाल इकाई द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम प्रख्यात व्यंग्यकार शरद जोशी को समर्पित रहा.**

गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहीं उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ.नुसरत मेहदी ने कहा कि व्यंग्य केवल हंसाने का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज की विसंगतियों को आईना दिखाने वाली गंभीर साहित्यिक चेतना है.

मुख्य अतिथि डॉ. कुमार सुरेश ने अपनी रचना मेरी हंडिया में लागा चोर के माध्यम से व्यवस्था पर गहरा प्रहार किया. परिषद की महामंत्री सुनीता यादव ने शरद जोशी की लेखन कला के अद्भुत कौशल और उनकी प्रसिद्ध रचनाओं का जिक्र करते हुए उन्हें एक कालजयी रचनाकार बताया. विवेक रंजन श्रीवास्तव ने लेखक का चश्मा शीर्षक से बौद्धिकता पर कटाक्ष किया, तो अशोक व्यास ने कॉकरोच के बहाने इंसानी सोच पर व्यंग्य कसा.

गोष्ठी में उषा चतुर्वेदी ने खिचड़ी के माध्यम से भोजन परंपराओं पर बात रखी, जबकि प्रतिभा द्विवेदी, अशोक धमेनियां, सुरेश पटवा और शारदा दयाल श्रीवास्तव ने भी व्यवस्था पर करारे प्रहार किए. वरिष्ठ व्यंग्यकार गोकुल सोनी के संचालन में आयोजित इस गोष्ठी में राजेंद्र शर्मा अक्षर ऋषिकुमार मिश्र संजय सक्सेना सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे.

## एचएमजी कप में एनसीसीसी की जीत

**भोपाल 26 मई. (खेल प्रतिनिधि).** भोपाल के डीपीएस क्रिकेट मैदान, नीलबड़ में एचएमजी ग्रुप द्वारा आयोजित एचएमजी कप 2026 अंडर-15 इंटर क्लब और अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार आगाज हो चुका है. बीडीसीए के सहयोग से खेले जा रहे इस 17 दिवसीय टूर्नामेंट में भोपाल की 18 टीमें हिस्सा ले रही हैं. प्रतियोगिता वनडे फॉर्मेट में नॉकआउट कम लीग आधार पर खेली जा रही है. टूर्नामेंट का उद्घाटन बीडीसीए अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर और उन्हें अच्छे खेल के लिए शुभकामनाएं देकर किया. टूर्नामेंट के दूसरे दिन मंगलवार को एनसीसीसी और लेगेसी क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला खेला गया.

# लालच पर दिया सीख भरा संदेश

**बाल कलाकारों ने 'किस्सा मछली मछुआरे का' नाटक का किया मंचन**



निज संवाददाता

**भोपाल, 26 मई. चिल्ड्रन्स थिएटर अकादमी द्वारा 25 दिवसीय बाल नाट्य कार्यशाला के तहत नाटक 'किस्सा मछली मछुआरे का' का मंचन मंगलवार को शाम 7 बजे अर्घ्य प्रेक्षागृह, गांधी भवन परिसर में किया गया. यह नाटक रूस के प्रसिद्ध लेखक अ. से. पुश्किन की कविता पर आधारित है. नाटक का नाट्य रूपांतरण और निर्देशन प्रेम गुप्ता ने किया है. इस प्रस्तुति में 25 बाल प्रतिभागियों ने अभिनय किया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया.**

नाटक की कहानी एक गरीब बूढ़े मछुआरे और उसकी पत्नी के जीवन पर आधारित रही. मछुआरा समुद्र किनारे एक छोटी झोपड़ी में रहता है. एक दिन उसे एक जादुई सुनहरी मछली मिलती है, जो उसकी इच्छाएं पूरी करने की क्षमता रखती है.

शुरुआत में सब ठीक रहता है, लेकिन धीरे-धीरे उसकी पत्नी का लालच बढ़ता जाता है. कहानी के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि ज्यादा लालच करना अंत में नुकसान ही देता है. यह नाटक बच्चों के साथ-साथ बड़ों के लिए भी एक महत्वपूर्ण सीख देने वाला रहा. इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को मंच देना और उन्हें नाटक के माध्यम से सीखने का अवसर देना रहा. दर्शकों के लिए यह नाटक मनोरंजन के साथ-साथ सीख से भरपूर रहा.